1.श्रीमती प्रतिभा पाटिल का भारतीय गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में क्रम क्या है?

A. 16 वाँ
B. 11 वाँ
C. 12 वाँ
D. 13 वाँ

Answer ||| C

Solution ||| श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल भारतीय गणतंत्र की पहली महिला राष्ट्रपति रही हैं| इनका राष्ट्रपति के रूप में 12वॉ क्रम था।

2.एक विधेयक जो संसद में प्रस्तुत किया जाता है कौन सी क्रिया के बाद अधिनियम बन जाता है?

A. जब वह संसद के दोनों सदनों के द्वारा पारित हो जाता है।
B. जब राष्ट्रपति अपनी सहमति दे देता है।
C. जब प्रधानमंत्री इस पर हस्ताक्षर कर देता है।
D. जब सर्वोच्च न्यायालय इसे केन्द्रीय संसद के अधिकार क्षेत्र में होना घोषित करता है।

Answer ||| B

Solution ||| संसद में प्रस्तुत किया गया कोई विधेयक जब संसद के दोनों सदनों में पारित हो जाता है तब संसद में राष्ट्रपति की स्वीकृति के पश्चात् वह अधिनियम बन जाता है।

3.

हमारे संविधान के अनुसार, राज्य-सभा का कार्यकाल कितना है ?

A. दो वर्ष में एक बार समाप्त हो जाता है।
B. प्रत्येक पांच वर्ष में समाप्त हो जाता है।
C. प्रत्येक छः वर्ष में समाप्त हो जाता है।
D. समाप्त होने का विषय नहीं है।

Answer ||| D

Solution ||| राज्य सभा एक स्थायी सदन है जिसके सदस्य का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है।इसके एक-तिहाई सदस्य प्रति दो वर्ष बाद सेवा निवृत हो जाते है।

4.एक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अपना त्यागपत्र संबोधित करता है-

A. राष्ट्रपति
B. भारत के मुख्य न्यायाधीश
C. उसके राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
D. राज्य के राज्यपाल

Answer ||| A

Solution ||| उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति को सम्बोधित करता है।

5.एक गैर-सदस्य के रूप में संसद के किसी एक सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है-

A. उप-राष्ट्रपति
B. मुख्य न्यायाधीश
C. महान्यायवादी
D. मुख्य निर्वाचन आयुक्त

Answer ||| C

Solution ||| महान्यायवादी संसद का सदस्य नहीं होता है परन्तु फिर भी उसे किसी भी सदन में भाग लेने का अधिकार होता है, लेकिन उसे मत देने का अधिकार नहीं होता है।

6.भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्य किस संविधान संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है?

A. 32वें संशोधन-अधिनियम
B. 42वें संविधान-संशोधन

C. 15वें संशोधन-अधिनियम

D. 46वें संविधान-संशोधन

Answer ||| B

Solution ||| सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश के आधार पर 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भारत के संविधान के भाग 4(क) के अनुच्छेद-51(क) में मूल कर्तव्यों के संबंध में उपबंध किए गए है।

7.भारतीय संविधान में कितनी भाषाएँ क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में मान्यता प्राप्त है।

A. 12
B. 13
C. 14
D. 18

Answer ||| D

Solution ||| संविधान के प्रारम्भ में 8वीं अनुसूची में 14भाषाएं थीं| इनमे 21वें संशोधन के द्वारा चार भाषाएं एवं 71वें संशोधन के द्वारा चार और भाषाएं जोड़ी गयी।वर्तमान में भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में22क्षेत्रीय भाषाएं है।

8.निम्न शब्दों पर विचार करें।

A) समाजवादी

B) प्रजातांत्रिक

C) सार्वभौमिक

D) धर्म-निरपेक्ष

सही शब्दों को विचारानुसार क्रम दीजिये।

A. C, A, D, B
B. C, D, A, B
C. C, D, B,A
D. D, A, C, B

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय संविधान के प्रस्तावना के अनुसार, निम्नलिखित शब्द एक के बाद एक होते हैं: -
सार्वभौम → सामाजिक → धर्मनिरपेक्ष → लोकतांत्रिक

9.किस सदन में अध्यक्षता करने वाला अधिकारी उस सदन का सदस्य नहीं होता है?

A. लोक-सभा
B. राज्य-सभा
C. विधानसभा
D. विधान-परिषद

Answer ||| B

Solution ||| भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है एवं राज्य सभा की अध्यक्षता करता है| वह राज्य सभा का सदस्य नहीं होता है।

gradeup

10.किस संविधान-संशोधन बिल के द्वारा वोट देने की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गयी?

A. 48 वाँ
B. 57 वाँ
C. 61 वाँ
D. 63 वाँ

Answer ||| C

Solution ||| 61वे संविधान संशोधन 1989 बिल के द्वारा भारत के नागरिकों के मतदान करने की न्यूनतम आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किया गया था।

11.यदि राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति का पद खाली हो तो भारत के राष्ट्रपति के पद पर कौन होता है?

A. प्रधानमंत्री
B. भारत का मुख्य न्यायाधीश
C. लोकसभा अध्यक्ष
D. इनमें से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति दोनों की अनुपस्थिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति का पद संभालते है।

12.एक विकास खण्ड पर पंचायत-समिति होती है-

A. एक सलाहकार समिति
B. एक प्रशासकीय अधिकरण
C. एक परामर्शदात्री
D. एक निरीक्षण प्राधिकरण

Answer ||| B

Solution ||| पंचायत समिति तहसील के रूप में भारत में सरकार की स्थानीय इकाई होती है। यह उस तहसील के सभी गांवों के लिए समान रूप से कार्य करती है। इसको प्रशासनिक ब्लॉक भी कहते है।

13.विश्व बैंक के नवीनतम विकास-प्रतिवेदन के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति है-

A. सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था
B. सबसे छोटी अर्थव्यवस्था
C. दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था
D. सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था

Answer ||| D

Solution ||| वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 7वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

14.यदि भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा नकद कोष अनुपात में कमी की जाती है तो इसका साख सूजन पर प्रभाव होगा-

A. वृद्धि
B. कमी
C. कोई प्रभाव नहीं
D. कोई अन्य नहीं

Answer ||| A

Solution ||| यदि भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा नकद कोष में कमी लायी जाती है तो ऐसी स्थिति में बैंकों के पास नकद धन में वृद्धि होती है जिससे बैंकों द्वारा साख सृजन में वृद्धि होगी।

15.भारतीय विकास फोरम (IDF) पहले जाना जाता था-

A. भारत सहायत क्लब
B. भारत सहायता बैंक
C. विश्व बैंक
D. इनमें से कोई नहीं

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय विकास फोरम (IDF) को प्रांरभ में 'भारत सहायता क्लब' के नाम से जाना जाता था।

16.यह सत्य होगा की भारत को परिभाषित किया जाए:

A. एक खादय की कमी वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
B. एक श्रम-आधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में
C. एक व्यापार-अधिक्य वाली अर्थव्यवस्था

D. एक पूंजी-आधिक्य वाली अर्थव्यवस्था के रूप में

Answer ||| B

Solution ||| श्रम-शक्ति भारत की अर्थव्यवस्था में मुख्य भूमिका निभाती है। भारत एक श्रम-शक्ति आधिक्य वाला देश है

17.संशोधित मूल्य-वर्धित कर का सम्बंध हैः

A. बिक्री का
B. धन-कर
C. आय-कर
D. उत्पाद-शुल्क

Answer ||| D

Solution ||| संशोधित मूल्य-वर्धित कर मुख्य रूप से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के निर्माण पर लगाया जाने वाला मूल्य वर्धित कर है।

18.ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य है:

A. निर्धनता का उन्मूलन
B. समाविष्ट आर्थिक-वृद्धि
C. सामाजिक न्याय के साथ विकास
D. अल्पसंख्यकों का विकास

Answer ||| B

Solution ||| भारत की ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007-2012) में सभी क्षेत्रें मे समावंशी आर्थिक-वृद्धि (इनक्लुसिव इकोनोमिक ग्रोथ) का उद्देश्य रखा गया था।

19.इन्द्रधनुषीय क्रांति का संबंध है:

A. हरित-क्रांति से
B. श्वेत-क्रांति से
C. नीली-क्रांति से
D. उपरोक्त सभी से

Answer ||| D

Solution ||| इन्द्रधनुषीय क्रांति में- हरित-क्रांति, श्वेत-क्रांतियों, नीली-क्रांति, पीली-क्रांति, लाल-क्रांति आदि सभी क्रांतियां शामिल हैं।

20.एक रूपये के नोट पर हस्ताक्षर होता है:

A. वित-मंत्रलय के सचिव का
B. गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक का
C. वितमंत्री का
D. इनमें से किसी का नहीं

Answer ||| A

Solution ||| भारत के एक रूपये से ऊपर के सभी नोटों पर रिजर्व बैंक के गर्वनर का हस्ताक्षर होता है जबकि एक रूपये के नोट पर वित मंत्रलय के सचिव का हस्ताक्षर होता है

21.भारत में योजना अवकाश की अवधि थीः

A. 1962-65
B. 1966-69
C. 1969-72
D. 1972-75

Answer ||| B

Solution ||| भारतीय पंचवर्षीय योजना के इतिहास में वर्ष 1966-1969 तक योजना अवकाश का दौर रहा है। इस योजना अवकाश का मुख्य कारण भारत-पाकिस्तान युद्ध तथा सूखे के कारण संसाधनों की कमी थी।

22.राष्ट्रीय नियोजन में ''रोलिंग प्लान'' की अवधारणा लागू की गयी थी-

A. इंदिरा गाँधी के द्वारा
B. राष्ट्रीय फ्रंट सरकार के द्वारा
C. जनता सरकार के द्वारा
D. राजीव गाँधी के द्वारा

Answer ||| C

Solution ||| राष्ट्रीय नियोजन में पाँचवीं पंचवर्षीय योजना के पश्चात् 1978 से 1983 ई0 के मध्य जनता पार्टी सरकार द्वारा 'रोलिंग प्लान' चलाया गया था।

23.द्वितीय हरित-क्रांति का सम्बंध होगाः

A. अधिक उपज देने वाले बीजों से
B. गेहू के उत्पादन से
C. चावल के उत्पादन से
D. जैव-प्रौद्योगिकी के प्रयोग से

Answer ||| D

Solution ||| द्वितीय हरित-क्रांति की आवश्यकता डॉ. अबुल कलाम आजाद द्वारा बताई गई थी जिसमें मिट्टी से लेकर विपणन तक सभी पहलुओं का समावेश हो। द्वितीय हरित क्रांति का सम्बंध जैव-प्रौद्योगिकी के प्रयोग से है।

24.राजकोषीय घाटा है-

A. कुल व्यय-कुल प्राप्तियाँ
B. राजस्व व्यय-राजस्व प्राप्तियाँ
C. पूंजीगत व्यय-पूंजीगत प्राप्तियाँ-बाजार ऋण

D. बजटीय घाटे का योग और सरकार का बाजार ऋण तथा दायित्व

Answer ||| D

Solution ||| राजकोषीय घाटे मे राजस्व प्राप्तियों, अनुदानों तथा गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों के ऊपर सरकार के कुल व्यय जिसमें राजस्व तथा पूंजीगत व्यय का अतिरेक होता है।

25.बिहार राज्य की शिशु मरणांक दर है:

A. झारखण्ड से अधिक
B. झारखण्ड के बराबर
C. झारखण्ड से कम
D. अखिभारतीय स्तर पर

Answer ||| A

Solution |||

बिहार राज्य में शिशु मृत्यु दर 42/1000 (2008 से 2012 तक) थी, जबकि इसी अवधि के दौरान झारखंड में शिशु मृत्यु दर 41/1000 थी। इसके अलावा, यह आंकड़ा झारखंड राज्य में 2012 और 2013के बीच36/1000था, जबकि बिहार में यह समान रहा।

26.बिहार के इतिहास मे पहली बार राज्य का आर्थिक-सर्वेक्षण किया गया:

A. नीतिश कुमार के द्वारा
B. लालू प्रसाद के द्वारा
C. सुशील मोदी के द्वारा
D. इनमें से किसी के द्वारा नहीं

Answer ||| C

Solution ||| बिहार के इतिहास में 2006-07में उपमुख्यमंत्री तथा वित्तमंत्री सुशील मोदी के द्वारा पहली बार राज्य का आर्थिक-सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया।

27.वर्ष 2006-07के विकास-प्रतिवेदन के अनुसार बिहार का मानव-विकास सूचकांक, राष्ट्रीय मानव-विकास सूचकांक से कम है-

A. 15 प्रतिशत
B. 20 प्रतिशत
C. 25 प्रतिशत
D. 10 प्रतिशत

Answer ||| B

Solution ||| वर्ष 2006-07 के विकास प्रतिवेदन के अनुसार बिहार का मानव-विकास सूचकांक , राष्ट्रीय मानव विकास सूचकांक से 20 प्रतिशत कम है।

28.वर्ष 2006-07में बिहार का विकासात्मक व्यय इसके कुल व्यय का था-

A. लगभग 60प्रतिशत
B. 67 प्रतिशत
C. 56 प्रतिशत
D. 54 प्रतिशत

Answer ||| C

Solution ||| 27 मार्च, 2008को बिहार राज्य का बजट प्रस्तुत किया गया था जिसके अनुसार राज्य का विकासात्मक व्यय इसके कुल व्यय का 56 प्रतिशत था।

29.वर्तमान में बिहार में सम्पत्ति का मुख्य स्त्रोत क्या है?

A. उद्योग
B. कृषि
C. प्राकृतिक संसाधन
D. खनिज संपदा

Answer ||| B

Solution ||| वर्तमान में भी कृषि बिहार में संपत्ति का मुख्य स्त्रोत है।

30.बिहार सरकार के द्वारा कर्मचारियों एवं पेन्शन पर अपने समस्त संसाधनों का कितना प्रतिशत व्यय किया जाता है?

A. 40 प्रतिशत
B. 50 प्रतिशत
C. 60 प्रतिशत
D. 46 प्रतिशत

Answer ||| A

Solution ||| बिहार सरकार के द्वारा अपने कर्मचारियों के वेतन एवं पेंशन पर अपने समस्त संसाधन का 40 प्रतिशत व्यय किया जाता है।

gradeup

31.$7 + 10x - 5x^2$ का अधिकतम मान है:

A. 6
B. 8
C. 10
D. 12

Answer ||| D

Solution ||| $y = 7 + 10x - 5x^2$

अधिकतम मान के लिए $\frac{dy}{dx} = 0$

$10 - 10x = 0$

$x = 1$

$\frac{d^2y}{dx^2} = -10\angle 0$

अतः, $x = 1$ पर व्यंजक का मान अधिकतम होगा।

$x = 1$ समीकरण $7 + 10x - 5x^2$ में रखने पर व्यंजक का मान $= 12$

32.वक्र $y=1+2x-3x^2$ का वह बिन्दु जहाँ पर स्पर्श रेखा x-अक्ष से 45^0 का कोण बनती है:

A. $\frac{1}{3},\frac{5}{4}$
B. $\frac{1}{3},\frac{4}{5}$
C. $\frac{1}{6},\frac{1}{4}$
D. $\frac{1}{6},\frac{5}{4}$

Answer ||| D

Solution ||| $y=1+2x-3x^2$
$\frac{dy}{dx}=2-6x$
$AIQ,\frac{dy}{dx}=\tan 45_0$
$2-6x=1\rightarrow x=\frac{1}{6}$
$y=1+\frac{2}{6}-\frac{3}{36}$
$=1+\frac{1}{3}-\frac{1}{12}=\frac{5}{4}$
बिन्दू $\left(\frac{1}{6},\frac{5}{4}\right)$ है ।

33.एक सिक्का 9.8 मी./सैकण्ड के वेग से जमीन से ऊपर उछाला जाता है तब वह निम्न ऊँचाई तक उठेगा:

A. 9.8 मी.
B. 10 मी.
C. 4.9 मी.
D. 49 मी.

Answer ||| A

Solution ||| $V^2 = u^2 - 2gh$

$u =$ 9.8 मी./सैकण्ड

$V = 0$, $g($गुरुत्वाकर्षण बल)=9.8

$0 = (9.8)_2 - 2\times 9.8\times h$

$h = \frac{9.8\times 9.8}{2\times 9.8} = 4.9m$

34.व्यजंक $\frac{4}{3\sqrt{9}-3\sqrt{3}+1}$ का मान है।

A. $3^{\frac{1}{3}} + 1$

B. $3^{\frac{1}{2}} - 1$

C. $3^{\frac{1}{3}} - 1$

D. $3^{\frac{1}{2}} - 1$

Answer ||| A

Solution ||| $(1)\ \frac{4}{\sqrt[3]{9} - \sqrt[3]{3} + 1}$

$$= \frac{\left(\sqrt[3]{3}\right)^3 + 1}{\left(\sqrt[3]{3}\right)^2 - \sqrt[3]{3} + 1}$$

$$= \frac{\left(\sqrt[3]{3} + 1\right)\left[\left(\sqrt[3]{3}\right)^2 - \sqrt[3]{3} + 1\right]}{\left(\sqrt[3]{3}\right)^2 - \sqrt[3]{3} + 1} = \sqrt[3]{3} + 1 = 3^{\frac{1}{3}} + 1$$

35.प्रत्येक पूर्णांक xके लिए व्यंजक $x(x^2 - 1)(3x + 2)$का विभाजक है:

A. 13
B. 15
C. 24
D. 25

Answer ||| C

Solution ||| $P(x) = x(x^2 - 1)(3x + 2)$
$x = 1$ रखने पर
$P(x) = 0$
$x = 2$ रखने पर
$P(x) = 48$
$x = 3$] रखने पर
$P(x) = 264$
अतः प्रत्येक पूर्णांक x के लिए व्यंजक 24 से विभाज्य है|

36.बिन्दु (2, 7), (4, -1) और (-2, 6) से बना त्रिभुज होगा।

A. समबाहु
B. समकोण
C. समद्विबाहु
D. इनमें से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| माना बिन्दु $A(2,7), B(4,-1)$ तथा $C(-2,6)$
$AB^2 = (4-2)^2 + (-1-7)^2 = 68$
$BC^2 = (-2-4)^2 + (6+1)^2 = 85$
$AC^2 = (-2-2)^2 + (6-7)^2 = 17$
$AB^2 + AC^2 = BC^2$
अतः त्रिभुज समकोण त्रिभुज है।

37.यदि एक वृत्त की त्रिज्या समान रूप से 2 से.मी./सेकण्ड की दर से बढ़ रही है, तो क्षेत्रफल किस दर से बढ़ रहा है जब त्रिज्या 10 से.मी. है?

A. $6\pi cm^2/sec$
B. $10\pi cm^2/sec$

C. $30\pi cm^2/sec$

D. $60\pi cm^2/sec$

Answer ||| D

Solution ||| $A = \pi r^2$

$$\frac{dA}{dt} = 2\pi r\ \frac{dr}{dt}$$

$$\frac{dA}{dt} = 2\pi r \times 10 \times 3$$

$= 60\pi$ सेमी^{2}/सेकण्ड

38.एक परिवार अपनी आय का 30 प्रतिशत भोजन पर, 10 प्रतिशत वस्त्रो पर,18 प्रतिशत मकान पर और 7प्रतिशत अन्य पर खर्च करता है। यदि परिवार की मासिक आय 4000/- रूपये है तो 15000/- रूपये बचाने में लगभग कितने महीने लगेंगे।

A. 25 माह

B. 30 माह

C. 11 माह

D. 50 माह

Answer ||| C

Solution ||| मासिक आय का कुल खर्च =(30+10+18+7)%=65%

मासिक बचत =(100&65)%=35%

4000 का 35%=1400

अभीष्ट महीनों की संख्या $= \frac{15000}{1400} = 10.71 = 11$ महीने

39.15 आदमी तथा 15 महिलाओं को 15 युग्म मे विभाजित करने के तरीके होगें जबकि हर युग्म में एक आदमी व एक महिला हो।

A. 1240

B. 1840

C. 1820
D. 2005

Answer ||| A

Solution ||| पहला ग्रुप चुनने के तरीके
$15e_1 \times 15c_1 = 15 \times 15 = 225$
दूसरा ग्रुप चुनने के तरीके
$14e_1 \times 14c_1 = 14 \times 14 = 196$
कुल तरीके $= 15^2 + 14^2 + 13^2 + \cdots + 1^2$
$= \frac{15(15+1)(15\times 2+1)}{6}$
$= \frac{15\times 16\times 31}{6} = 1240$

40.यदि विद्यार्थी के तैराक नहीं होने की प्रायिकता 1/5 है तो पाँच विद्यार्थी में से चार तैराक होने की प्रायिकता है।

A. $(4/5)^3$
B. $(4/5)^4$
C. $5c_4$
D. इनमें से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| छात्र के तैराक न होने की प्रायिकता $= \frac{1}{5}$
छात्र के तैराक होने की प्रायिकता $= 1 - \frac{1}{5} = \frac{4}{5}$
$P = \frac{4}{5}, d = \frac{1}{5}$
$P = 5, r = 4$
5 में से 4 के तैराक होने की प्रायिकता
$= 5e_4 \left(\frac{4}{5}\right)^4 \left(\frac{1}{5}\right)$

$$= 5\times\left(\frac{4}{5}\right)^4\times\left(\frac{1}{5}\right)$$
$$= \left(\frac{4}{5}\right)^4$$

41.सीमा सुरक्षा बल की स्थापना कब की गयी

A. 1965
B. 1970
C. 1910
D. 1950

Answer ||| A

Solution ||| सीमा सुरक्षा बल भारत का एक प्रमुख अर्द्धसैनिक बल है एवं विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। इसका गठन 1दिसम्बर, 1965को हुआ था।

gradeup

42.भारत की कुल जनसंख्या कितनी है?

A. 1,027,015,247
B. 1,027101012
C. 10,12,52,751
D. इनमें से कोई नहीं।

Answer ||| D

Solution ||| 2016 में भारत की जनसंख्या 13,36,28,6256 थी । जबकि प्रश्नानुसार यह 1,02,87,37,436 थी। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 121,07,26,932 है।

43.भील जाति कहाँ पायी जाती है?

A. असम

B. झारखण्ड

C. पश्चिम बंगाल
D. महाराष्ट्र

Answer ||| D

Solution ||| आदिवासी जनजाति भील मुख्य रूप से गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में निवास करती हैं।

44.नेवल एअर स्टेशन "गरूड़" कहाँ पर स्थित है?

A. नई दिल्ली
B. कोचीन
C. चेन्नई
D. देहरादून

Answer ||| B

Solution ||| आई.एन.एस. गरूड़ भारतीय नौ सेना का वायु स्टेशन है जो केरल राज्य के कोचीन में स्थित है।

45.भारत डाइनामिक्स लिमिटेड केन्द्र कहाँ स्थित है?

A. कलकत्ता
B. हैदराबाद
C. चेन्नई
D. दिल्ली

Answer ||| B

Solution ||| 'भारत डाइनामिक्स लिमिटेड' 1970 ई- में हैदराबाद में स्थापित किया गया था।

46.कोन -सा देश जी-8 का सदस्य देश नहीं है?

A. भारत
B. जर्मनी
C. जापान
D. कनाडा

Answer ||| A

Solution ||| 1975 में फ्रांस द्वारा आयोजित सम्मेलन में G-8 संगठन बना जिसमें वर्तमान में आठ देश हैं- कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, रूस, इंग्लैण्ड, अमेरिका ।

47.चीन की समाचार एजेंसी का क्या नाम है?

A. चाइना न्यूज
B. चाइना टाइम्स
C. न्यू चाइना न्यूज एजेंसी
D. न्यू चाइना रिपोर्ट

Answer ||| C

Solution ||| चीन की मुख्य न्यूज एजेंसी 'न्यू चाइना न्यूज एजेंसी' है।

48.किस देश की सरकारी रिपोर्ट को येल्लो बुक कहा जाता है।

A. फ्रांस
B. ब्रिटेन
C. इटली
D. जर्मनी

Answer ||| A

Solution ||| येलो बुक- फ्रांस सरकार की रिपोर्ट का प्रकाशन है।

49.भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना कब हुई?

A. 1956
B. 1944
C. 1950
D. 1947

Answer ||| A

Solution ||| भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना 1956 में हुई थी।

50.भारत के प्रथम विधि विश्वविद्यालय की स्थापना अगस्त 1987 में कहाँ हुई थी?

A. त्रिवेन्द्रम
B. अहमदाबाद
C. बैंगलोर
D. नई दिल्ली

Answer ||| C

Solution ||| भारत में प्रथम विधि विश्वविद्यालय की स्थापना 1987 में बैंगलोर में हुई थी I

51.1921 का मोपाला विद्रोह कहाँ हुआ था?

A. कश्मीर
B. बी.एन.डब्लू.एफ.पी.
C. केरल
D. आसाम

Answer ||| C

Solution ||| केरल के मोपाला मुसलमानों द्वारा 1921में हिन्दुओं एवं अंग्रेजों के विरूद्ध किया गया विद्रोह 'मोपला विद्रोह' कहलाता है।

52.राडार का आविष्कारक कौन था?

A. रॉबर्ट वाटसन
B. फ्लेमिंग
C. बुश वाल
D. ऑस्टिन

Answer ||| A

Solution ||| सर रॉबर्ट अलेक्जेंडर वाटसन ने 1सितम्बर, 1936ई0 को रडार की खोज की।

53.इनमें से रक्त दाब का मापक यंत्र कौन सा था?

A. स्फेरोमीटर
B. एनिमोमीटर
C. स्फीग्मोमैनोमीटर
D. एम्मीटर

Answer ||| C

Solution ||| स्फीग्मोमैनोमीटर के द्वारा मनुष्य रक्त के चाप को या दाब को मापा जाता है।

54.निम्नलिखित में से किस विदेशी नागरिक को भारत रत्न प्रदान किया गया है?

A. नेल्सन मंडेला
B. बिल क्लिंटन
C. एडोल्फ हिटलर

D. बोरिस येलेत्सिन

Answer ||| A

Solution ||| दक्षिण अफ्रीका के पूर्व अश्वेत राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला को भारत द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया है ।

55.पुलित्जर पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?

A. पत्रकारिता
B. विज्ञान
C. खेल
D. उद्योग

Answer ||| A

Solution ||| 1917 ई0में शुरू किया गया पुलित्जर पुरस्कार समाचार पत्रों की पत्रकारिता, साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जाता है।

gradeup

56.एतमादुद्दौला का मकबरा आगरा में किसने बनवाया था?

A. अकबर
B. जहाँगीर
C. नूरजहाँ
D. शाहजहाँ

Answer ||| C

Solution ||| मुगल काल की साम्राजी नूरजहाँ ने अपने पिता की स्मृति में आगरा में एतमादुद्दौला का मकबरा बनवाया था।

57.राधा मोहन कप का संबध किस खेल से है?

A. पोलो
B. फुलबॉल
C. क्रिकेट
D. टेनिस

Answer ||| A

Solution ||| राधामोहन कप पोलो खेल से संबंधित है।

58.पुस्तक ''नाइनटीन एट्टी फोर'' किसके द्वारा लिखी गयी है?

A. आर.के. नारायण
B. खुशवंत सिंह
C. जार्ज ओरवेल
D. कोई भी नहीं

Answer ||| C

Solution ||| पुस्तक "नाइनटीन एट्टी फोर" अंग्रेजी लेखक जॉर्ज ऑरवेल की 1949 में प्रकाशित हुई रचना है ।

59.निम्नलिखित में से किस विटामिन में कोबाल्ट होता है?

A. विटामिन B_6
B. विटामिन B_2
C. विटामिन B_1
D. विटामिन B_{12}

Answer ||| D

Solution ||| विटामिन B_{12} को 'कोवालामीन' के नाम से भी जाना जाता है जिसमें 'कोबाल्ट' धातु पाया जाता है।

60.मनुष्य में एफ्लाटोक्सिन खाद्य विषाक्तन द्वारा सामान्यतः कौन सा अंग प्रभावित होता है?

A. हृदय
B. फेफड़ा
C. वृक्क
D. यकृत

Answer ||| D

Solution ||| एफ्लाटोक्सिन खाद्य विषाक्तन द्वारा मनुष्य के यकृत (लीवर) पर पड़ता है।

61.निम्न में से कौन संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य नहीं है?

A. जर्मनी
B. फ्रांस
C. ग्रेट ब्रिटेन
D. चीन

Answer ||| A

Solution ||| संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में पांच स्थायी तथा 10 अस्थायी सदस्य होते हैं| संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों में फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, चीन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल है।

62.'आसियान' इसके लिए है-

A. एकेडमी ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स
B. एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट अफ्रीकन नेशन्स
C. एसोसिएशन ऑफ साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| C

Solution ||| एसोसिएसन ऑफ साऊथ ईस्ट एशियन नेशन (आसियान) संगठन के 10 सदस्य राष्ट्र है।

63.जनगणना 2001के अनुसार भारत में जनसंख्या का घनत्व (प्रतिवर्ग कि.मी.) है।

A. 304
B. 324
C. 344
D. 364

Answer ||| B

Solution ||| जनगणना 2001 के आंकड़ों के अनुसार भारत में जनसंख्या घनत्व 324व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।

64.भारत में एक समय पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में सीमित नक्सलवाद अब इन राज्यों में भी फैल चुका है।

A. उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार
B. बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलानाडु, उत्तर प्रदेश
C. मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान
D. झारखण्ड, बिहार, कर्नाटक, गुजरात

Answer ||| A

Solution ||| भारत में एक समय पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश में सीमित नक्सलवाद अब उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार में भी फैल चुका है।

65.इन देशों में से कौन-सा एक देश जी-8 समूह का सदस्य नहीं है?

A. फ्रांस
B. इटली
C. स्पेन

D. जर्मनी

Answer ||| C

Solution ||| जी-8 समूह के सदस्य देश है:-
कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, रूस, इंग्लैण्ड, अमेरिका ।

66.'लिट्टे' इसके लिये है।

A. लंकन टाइगर्स फॉर तमिल इलम
B. लिबरेशन टाइगर्स फॉर तमिल इलम
C. लंकन ट्रूप्स फॉर तमिल एम्पायर
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

Answer ||| B

Solution ||| लिट्टे (LTTE) का गठन श्रीलंका में मई 1976 में हुआ था, इसका पूरा नाम 'लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम' है।

67.जी-15है-

A. विश्व के विकसित देशों का संगठन
B. यूरोप के विकसित देशों का संगठन
C. एशिया के विकासशील देशों का संगठन
D. विश्व के विकासशील देशों का संगठन

Answer ||| D

Solution ||| जी -15 विश्व के विकासशील देशों का एक संगठन है । इसका गठन 1989में किया गया।

68.123 समझौता इन देशों से सम्बन्धित है-

A. भारत-अमेरिका

B. भारत-रूस

C. भारत-पाक

D. भारत-चीन

Answer ||| A

Solution ||| 123 समझौता भारत एवं अमेरिका के बीच परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए अमेरिका के परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1954 की धारा 123 के तहत किया गया है।

69.14 अगस्त 2007को संसद द्वारा भारतीय संविधान में संशोधन के उपरान्त अब अनुसुचित जाति की सूची में जातियों की संख्या कितनी है?

A. 607
B. 1206
C. 1410
D. 1500

Answer ||| B

Solution ||| वर्ष 1950 मे अनुसूचित जातियों की सूची में 1108 जातियों का उल्लेख था। वर्ष 2007 में संशोधन के बाद अनुसूचित जातियों की संख्या 1206हो गई है।

70.श्री मोहम्मद अंसारी का भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में क्रमांक है-

A. 10 वाँ

B. 11वाँ

C. 12वाँ

D. 13वाँ

Answer ||| D

Solution ||| श्री मोहम्मद हामिद अंसारी ने 2007में 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण किया था ।

71.2007 में आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन यहाँ आयोजित किया गया था-

A. दिल्ली
B. लंदन
C. टोक्यो
D. न्यूयॉर्क

Answer ||| D

Solution ||| वर्ष 2007 में आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन न्यूयॉर्क (अमेरिका) में आयोजित किया गया था।

72.भारत में चलित न्यायालय इनका मानसपुत्र है-

A. न्यायमूर्ति भगवती
B. श्री राजीव गाँधी
C. डा. ए.पी.जे. अब्दुलकलाम
D. श्रीमती प्रतिभा पाटिल

Answer ||| C

Solution ||| भारत में चलित न्यायालय का विचार पूर्व राष्ट्रपति डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के दिमाग की उपज है। अर्थात् चलित न्यायालय डॉ. ए.पी.जे. कलाम का मानस पुत्र है।

73.फॉर्चून पत्रिका के अनुसार 2007 में विश्व का सबसे धनी व्यक्ति है-

A. कार्लोस स्लिम हेलु
B. बिल गेट्स
C. लक्ष्मी मित्तल
D. वारेन बफेट

Answer ||| B

Solution ||| फॉर्चून पत्रिका तथा अमेरिका की फोर्ब्स पत्रिका दोनों ने वर्ष 2007 में विश्व का सबसे धनी व्यक्ति बिल गेट्स को माना है।

74.लीड्स मेट्रोपोलिटन विश्वविद्यालय ने जुलाई 2007 को सांस्कृतिक विविधता के लिये इस भारतीय महिला को मानद् उपाधि प्रदान की।

A. अरून्धति रॉय
B. किरण बेदी
C. शर्मिला टैगोर
D. शिल्पा शेट्टी

Answer ||| D

Solution ||| इंग्लैण्ड में स्थित लीड्स मेट्रोपोलिअन विश्व विद्यालय ने जुलाई 2007 में सांस्कृतिक विविधता के लिए शिल्पा शेट्टी को मानद उपाधि प्रदान की।

75.पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की मृत्यु कहाँ हुई?

A. लाहौर
B. रावलपिंडी
C. कराची
D. इस्लामाबाद

Answer ||| B

Solution ||| एक रैली के दौरान लगी गोली के कारण पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की मृत्यु रावलपिंडी जनरल हॉस्पिटल में हुई ।

76.भारत-अमेरिका परमाणु संधि के सम्बंध में अमेरिका का कौन सा कानून विवादास्पद बना

A. किसिजर एक्ट
B. हाइड एक्ट
C. मुनरो एक्ट
D. बुश एक्ट

Answer ||| B

Solution ||| हाइड एक्ट का पूरा नाम हेनरी हाइड संयुक्त राज्य तथा भारत शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा सहयोग अधिनियम 2006है। हाइड एक्ट में भारत अमेरिका के बीच प्रस्तावित परमाणु समझौते से जुड़े नियम एवं शर्ते है।

77.नन्दी ग्राम क्षेत्र में सेज नीति के अंतर्गत किस समूह को अनुमति दी गई थी?

A. टाटा समूह
B. बिरला समूह
C. सलीम समूह
D. विप्रो समूह

Answer ||| C

Solution ||| नन्दीग्राम क्षेत्र में सेज नीति के अंतर्गत पश्चिम बंगाल सरकार ने इंडोनेशिया के सलीम ग्रुप को रासायनिक उद्योग खोलने की अनुमति दी थी।

78.नई मुद्रा यूरो किस वर्ष में प्रारम्भ की गई?

A. 1996
B. 1667
C. 1998
D. 1999

Answer ||| D

Solution ||| यूरोपीय संघ के देशों द्वारा वर्ष 1992में यूरो मुद्रा की शुरूआत मैस्ट्रिच संधि के अनुसार की गयी थी जिसका नामकरण 16 दिसम्बर, 1995 में (मैड्रिड में) यूरो किया

गया। यह सभी 28यूरोपीय संघ के देशों में से 19 देशों की आधिकारिक मुद्रा है। आगे चलकर 31 , 1998 को इसके बैंकदर की शुरूआत की गयी। इसी के बाद इसे विश्वस्तर पर मान्यता मिली थी।

79.विश्व बैंक की रिर्पोट के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक निर्धन इन चार राज्यों में निवास किरते हैं-

A. बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा
B. राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा
C. बिहार, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उड़ीसा
D. बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, जम्मू-कश्मीर

Answer ||| A

Solution ||| विश्व बैंक के रिपोर्ट के अनुसार भारत के 50 प्रतिशत से अधिक निर्धन बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उड़ीसा में निवास करते है।

gradeup

80.सुमेलित करिये।
सूची - I
A) अत्यधिक गरम
B) अत्यधिक ठंडा
C) अत्यधिक वर्षा
D) अत्यधिक सूखा
सूची - II
(1) चिली
(2) चेरापूंजी
(3) अंर्टाकटिका
(4) सहारा

A. A-1 B-4 C-2 D-3
B. A-4 B-3 C-2 D-1
C. A-3 B-2 C-1 D-4
D. A-4 B-2 C-1 D-3

Answer ||| B

Solution ||| (A) अत्यधिक गरम - सहारा
(B) अत्यधिक ठंडा - अंर्टार्कटिका
(C) अत्यधिक वर्षा - चेरापूंजी
(D) अत्यधिक सूखा - चिली

81.बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिये कितने प्रतिशत स्थान आरक्षित हैं?

A. कुछ नहीं
B. 15 प्रतिशत
C. 30 प्रतिशत
D. 45 प्रतिशत

Answer ||| C

Solution ||| बांग्लादेश की संसद में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

82.रेल मंत्रालय ने 'विलेज ऑन व्हील्स' नामक परियोजना शुरू करने की घोषणा किस वर्ष की थी?

A. 2004
B. 2005
C. 2006
D. 2007

Answer ||| C

Solution ||| देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय द्वारा 'विलेज ऑन व्हील' नामक परियोजना 2006 शुरू की गयी थी।

83.बिहार के छपरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2004 में कब रद्द किये गए और पुनः मतदान कब हुआ?

A. 10 मई और 15जुलाई
B. 10 मई और 31मई
C. 15 मई और 31मई
D. 24 मई और 10जून

Answer ||| C

Solution ||| बिहार के छपरा निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2014 में 15मई को रद्द और 31मई के बीच पुनः हुये थे ।

84.सुमेलित करिये
सूची - I
A) बारदोली
B) चौरी चौरा
C) यरवदा
D) नोआखाली
सूची - II
(1) महाराष्ट्र
(2) गुजरात
(3) पश्चिम बंगाल
(4) उत्तर प्रदेश

A. A-1 B-2 C-2 D-4
B. A-2 B-1 C-4 D-1
C. A-2 B-4 C-1 D-3
D. A-4 B-3 C-3 D-2

Answer ||| C

Solution ||| (A) बारदोली - गुजरात
(B) चौरी चौरा - उत्तर प्रदेश
(C) यरवदा - महाराष्ट्र
(D) नोआखाली - पश्चिम बंगाल

85.गाँधी जी ने भारत मे पहली बार सत्याग्रह आन्दोलन बिहार में कहाँ प्रारम्भ किया?

A. पटना
B. गया
C. मधुबनी
D. चम्पारण

Answer ||| D

Solution ||| गाँधी जी ने भारत मे पहली बार सत्याग्रह आन्दोलन 1917 ई- में बिहार के चम्पारण जिले में प्रारंभ किया था।

86.बोध गया में 'बोधि वृक्ष' अपने वंश की इस पीढ़ी का है-

A. तृतीय
B. चतुर्थ
C. पंचम
D. षष्ठम

Answer ||| C

Solution ||| बोधगया में 'बोधि वृक्ष' अपने वंश की पंचम पीढ़ी का वृक्ष है।

87.विश्व का सबसे ऊँचा कहा जाने वाला 'विश्व शांति स्तूप' बिहार में कहाँ है?

A. वैशाली
B. नालन्दा
C. राजगीर
D. पटना

Answer ||| C

Solution ||| विश्व का सबसे ऊँचा कहा जाने वाला 'विश्व शांति स्तूप' बिहार के राजगीर में स्थित है।

88.'नव नालन्दा महाविहार'?

A. हेनसांग स्मारक
B. महावीर का जन्मस्थान
C. पाली अनुसंधान संस्थान
D. संग्रहालय

Answer ||| C

Solution ||| नव नालंदा महाविहार पाली अनुसंधान संस्थान के लिये विख्यात है|

89.विश्वका पहला गणतंत्र वैशाली में किसके द्वारा स्थापित किया गया?

A. मौर्य
B. नन्द
C. गुप्त
D. लिच्छवी

Answer ||| D

Solution ||| वैशाली (बिहार) विश्व का पहला गणतंत्र लिच्छवी शासकों द्वारा स्थापित किया गया था।

90.एशिया कप 2007 की विजेता भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे।

A. दिलीप तिर्की
B. प्रभजोत सिंह
C. बलजीत सिंह

D. वरिन्दर सिंह

Answer ||| A

Solution ||| एशिया हॉकी कप 2007 के खेल में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान दिलीप तिर्की थे। यह खेल 31 अगस्त से 9 सितम्बर तक चेन्नई में खेला गया था।

91.दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा दिन हैः

A. 22 जून
B. 22दिसम्बर
C. 21मार्च
D. 22सितम्बर

Answer ||| B

Solution ||| 22 दिसम्बर को सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत चमकता है। इस समय दक्षिणी गोलार्द्ध में दिन की अवधि लम्बी तथा रात छोटी होती है।

92.'ग्रेट बैरियार रीफ' के समीप स्थित हैः

A. दक्षिण अमेरिका
B. यूरोप
C. ऑस्ट्रेलिया
D. अफ्रीका

Answer ||| C

Solution ||| ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के उत्तर-पूर्व में 'ग्रेट बैरियर रीफ' स्थित है।

93.'दक्षिण गंगोत्री' स्थित है-

A. उत्तराखंड में
B. आर्कटिक में
C. हिमालय में
D. अंटार्कटिका में

Answer ||| D

Solution ||| भारत द्वारा अपना प्रथम शोध केन्द्र 'दक्षिणी गंगोत्री' अटार्कटिका में स्थापित किया गया था।

94.यूरोप की एक पर्वत श्रृंखला है-

A. आल्पस
B. हिमालय
C. एण्डीज
D. रॉकी

Answer ||| A

Solution ||| आल्पस मध्य यूरोप की सबसे बड़ी पर्वतमाला है। जो फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैंड आदि देशों में विस्तृत है।

95.दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी नदी हैः

A. नील
B. अमेजन
C. मिसीसीपी
D. गंगा

Answer ||| B

Solution ||| दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी नदी अमेजन नदी है।

96.भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं उससे संबंधित प्रक्षेत्र का अंश है-

A. 22 प्रतिशत
B. 80 प्रतिशत
C. 33 प्रतिशत
D. 15 प्रतिशत

Answer ||| D

Solution ||| आर्थिक समीक्षा 2013-14 के अनुसार जी.डी.पी. में कृषि सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान 15.2 प्रतिशत था जो वर्ष 2013-14 में घटकर 13.9 प्रतिशत हो गया।

97.भारत में 1991-2001 में साक्षरता दर की वृद्धि है-

A. 10.8 प्रतिशत
B. 12.6 प्रतिशत
C. 14.3 प्रतिशत
D. 15.5 प्रतिशत

Answer ||| B

Solution ||| भारत में वर्ष 1991-2001 में साक्षरत दर की वृद्धि 12.6 प्रतिशत थी।

98.क्षेत्रफल के क्रम में भारत के तीन बड़े राज्य हैं-

A. राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र
B. मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र
C. महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश
D. मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान

Answer ||| A

Solution |||

क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से भारत के तीन बड़े राज्य राजस्थान,मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र है|

99.रांची शहर स्थित है-

A. बिहार में
B. मध्यप्रदेश में
C. उड़ीसा में
D. झारखंड में

Answer ||| D

Solution ||| रांची शहर झारखण्ड राज्य की राजधानी है।

100.भारत के वाणिज्यिक ऊर्जा की प्रतिशत पूर्ति कोयले से होती है-

A. 76
B. 56
C. 67
D. 52

Answer ||| C

Solution ||| भारत के वाणिज्यिक ऊर्जा के लगभग 65 प्रतिशत भाग की पूर्ति कोयले से होती है।

101.भारत का 40 प्रतिशत सड़क परिवहन होता है-

A. राष्ट्रीय राजमार्ग से
B. राजकीय मार्ग से
C. जिला मार्ग से
D. ग्रामीण सड़को से

Answer ||| A

Solution ||| भारत का 40 प्रतिशत सड़क परिवहन का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा संपन्न होता है।

102.भारत की सिंचाई क्षमता का 74.78 प्रतिशत पूरा होता है-

A. वृहद् परियोजनाओं से
B. लघु एवं वृहद् परियोजनाओं से
C. लघु परियोजनाओं से
D. मध्यम परियोजनाओं से

Answer ||| B

Solution ||| भारत में सिंचाई क्षमता का लगभग 74.78प्रतिशत भाग लघु एवं वृहद् सिंचाई परियोजनाओं द्वारा पूरा होता है।

gradeup

103.भारत की सर्वाधिक वर्षा मुख्यतः प्राप्त होती है-

A. उत्तर-पूर्वी मानसून से
B. वापस होती मानसून से
C. दक्षिण-पूर्वी मानसून से
D. संवाहनिक वर्षा से

Answer ||| C

Solution ||| भारत में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के कारण मुख्य रूप से वर्षा प्राप्त होती है।

104.बिहार में कोयले का अनुमानित भंडार है।

A. 1260 करोड़ टन
B. 303 टन
C. 25310 करोड़ टन

D. 16 करोड़ टन

Answer ||| D

Solution |||

वर्तमान में, झारखंड से अलग होने के कारण बिहार में कोयले का अनुमानित भंडार लगभग 16मिलियन टन है।

105.रेलवे का जोन मुख्यालय- हाजीपुर स्थित है।

A. छत्तीसगढ़ में
B. उत्तर प्रदेश में
C. झारखण्ड में
D. बिहार में

Answer ||| D

Solution ||| रेलवे का जोन मुख्यालय- बिहार राज्य के हाजीपुर में स्थित है।

106.बिहार के क्षेत्रफल में कुल बोयी गई भूमि का प्रतिशत--------- है-

A. 60
B. 40
C. 80
D. 70

Answer ||| C

Solution ||| बिहार के क्षेत्रफल मे कुल बोयी गई भूमि का प्रतिशत 80 है।

107.बिहार एवं उत्तरप्रदेश राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना है।

A. दामोदर वैली परियोजना
B. कोसी परियोजना
C. सन बैरेज परियोजना
D. गंधक परियोजना

Answer ||| D

Solution ||| गंधक परियोजना बिहार एवं उत्तरप्रदेश राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना है।

108.2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या का ----------- प्रतिशत बिहार राज्य में निवास करती है।

A. 8
B. 10
C. 11
D. 12

Answer ||| A

Solution ||| 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की जनसंख्या का 8.30 प्रतिशत जनसंख्या बिहार में निवास करती थी जबकि जनगणना 2011के आंकड़ों के अनुसार भारत की जनसंख्या का 10.41 प्रतिशत जनसंख्या बिहार राज्य में निवास करती है।

109.2001 की जनगणना के अनुसार बिहार भारत का --------- जनसंख्या वाला राज्य है।

A. दूसरा
B. तीसरा
C. चौथा
D. पांचवाँ

Answer ||| B

Solution ||| 2001 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या के आधार पर बिहार का स्थान तीसरा है।

110.भारत में जनसंख्या के अनुसार तीसरा एवं क्षेत्रफल में बारहवाँ राज्य है।

A. महाराष्ट्र
B. मध्यप्रदेश
C. कर्नाटक
D. बिहार

Answer ||| D

Solution ||| भारत में जनसंख्या के अनुसार तीसरा एवं क्षेत्रफल में बारहवां राज्य बिहार है ।

111.कौटिल्य अर्थशास्त्र कितने अधिकरणों में विभाजित है?

A. 11
B. 12
C. 14
D. 15

Answer ||| D

Solution ||| कौटिल्य द्वारा रचित पुस्तक अर्थशास्त्र में 15 अधिकरण एवं 180 प्रकरण है।

112.सैण्ड्रोकोट्स से चन्द्रगुप्त मौर्य की पहचान किसने की?

A. विलियम जोन्स
B. वी. स्थिम
C. आर.के.मुखर्जी
D. डी.आर.भण्डारकर

Answer ||| A

Solution ||| चन्द्रगुप्त मौर्य को सैण्ड्रोकोट्स के नाम से जाना जाता है। सैण्ड्रोकोट्स नाम की पहचान सर्वप्रथम विलियम जोन्स ने की थी ।

113.अशोक के ब्राह्यी अभिलेखों को सर्वप्रथम किसने पढ़ा था?

A. प्रिन्सेप
B. एच.डी.साँकलिया
C. एस.आर.गोयल
D. वी.एन.मिश्रा

Answer ||| A

Solution ||| अशोक के ब्राहमी अभिलेखों को सर्वप्रथम ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रसिद्ध पुरातत्ववंता जेम्स प्रिंसेप ने पढ़ा था।

114.अन्तिम मौर्य सम्राट थाः

A. जालौक
B. अवन्ति वर्मा
C. नन्दीवर्धन
D. वृहद्रथ

Answer ||| D

Solution ||| अन्तिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ मौर्य था। बृहद्रथ मौर्य का कार्यकाल 187 ई.पू. से 180 ई.पू. तक था।

115.इल्तुतमिश ने बिहार में अपना प्रथम सूबेदार नियुक्त किया थाः

A. ऐवाज
B. नासिरूद्दीन महमूद

C. अलीमर्दान
D. मलिक-जानी

Answer ||| D

Solution ||| गुलाम वंश के शासक इल्तुतमिश ने बिहार में मलिक-जानी को अपना प्रथम सूबेदार नियुक्त किया था।

116.हुमायूँ ने चुनार दूर्ग पर प्रथम बार आक्रमण कब किया?

A. 1532 ई.
B. 1531ई.
C. 1533 ई.
D. 1536 ई.

Answer ||| A

Solution ||| हुमायूँ ने 1532 ई. मे चुनार दूर्ग पर प्रथम चार आक्रमण किया था ।

117.मध्य काल में बटाइ शब्द का अर्थ थाः

A. धार्मिक कर
B. लगान निर्धारण कर तरीका
C. धन कर
D. सम्पत्ति कर

Answer ||| B

Solution ||| मध्यकाल में बटाई शब्द का अर्थ लगान निर्धारण के तरीके से था। 'बटाई' में उत्पादित फसल के अनुमान के आधार पर लगान का निर्धारण किया जाता था।

118.अकबर ने बंगाल तथा बिहार को मुगल साम्राज्य में मिलायाः

A. 1590 ई.
B. 1575ई.
C. 1576 ई.
D. 1572 ई.

Answer ||| C

Solution ||| अकबर ने 1576 ई. मे बिहार एवं बंगाल को मुगल साम्राज्य में मिलाया था ।

119.महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज के नियन्त्रण में लेने की घोषणा कब की थी?

A. 1 नवम्बर 1858
B. 31 दिसम्बर 1957
C. 6 जनवरी 1958
D. 17 नवम्बर 1859

Answer ||| A

Solution ||| भारत शासन अधिनियम के तहत 1 नवम्बर, 1858 ई. को महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज के नियंत्रण में लेने की घोषणा की थी।

120.लॉर्ड हर्दिंग ने बंगाल विभाजन रद्द किस वर्ष में किया?

A. 1911
B. 1904
C. 1906
D. 1907

Answer ||| A

Solution ||| The partition of Bengal was enforced in 1905 AD by Lord Curzon and was abolished by Lord Hardinge in 1911 AD.

121.शिक्षा के सुधार हेतु ब्रिटिश सरकार ने सैंडलर विश्वविद्यालय आयोग कब नियुक्त किया?

A. 1919
B. 1917
C. 1921
D. 1896

Answer ||| B

Solution ||| शिक्षा में सुधार हेतु ब्रिटिश सरकार ने 1917 ई. में कलकत्ता विश्वविद्यालय की समस्याओं के अध्ययन हेतु सैंडलर आयोग गठित किया ।

122.जगदीशपुर के किस व्यक्ति ने 1857 ई. के विप्लव में क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया?

A. कुँवर सिंह
B. चन्द्रशेखर
C. तीरत सिंह
D. राम सिंह

Answer ||| A

Solution ||| 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जगदीशपुर के वीर कुँवर सिंह ने क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया|

123.सम्राट शाहआलम द्वितीय ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दीवानी प्रदान कीः

A. 12 अगस्त 1765
B. 18 अगस्त 1795
C. 29 अगस्त 1795
D. 21 अगस्त 1765

Answer ||| A

Solution ||| सम्राट शाहआलम, द्वितीय ने 12 अगस्त, 1765 ई. में ईस्टइंडिया कम्पनी को बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा की दिवानी प्रदान की।

124.भारत में प्रथम रेलवे लाईन किस ब्रिटिश गवर्नर के समय बिछाई गई थी?

A. लॉर्ड डलहौजी
B. लॉर्ड कर्जन
C. लॉर्ड वेलेजली
D. लॉर्ड लिटन

Answer ||| A

Solution ||| भारत में प्रथम रेलवे लाइन ब्रिटिश गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी के समय बिछाई गई थी ।

gradeup

125.मुजफ्रफर में किंग्स फोर्ड की हत्या का प्रयास कब किया गया?

A. 1908
B. 1909
C. 1907
D. 1911

Answer ||| A

Solution ||| मुजफ्रफरपुर में किंग्सफोर्ड की हत्या का प्रयास 30 अप्रैल, 1908को प्रफुल्ल याको और खुदीराम बोस ने किया था ।

126.प्रभावती देवी किस क्षेत्र की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थी?

A. चम्पारण
B. पटना
C. भागलपुर

D. शाहाबाद

Answer ||| B

Solution ||| प्रभावती देवी बिहार के पटना क्षेत्र से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थीं ।

127.बलदेव सहाय ने महाधिवक्ता के पद से त्यागपत्र कब दिया?

A. 1942
B. 193
C. 1913
D. 1911

Answer ||| A

Solution ||| बलदेव सहाय ने महाधिववता के पद से त्यागपत्र 1942 ई. में दिया था।

gradeup

128.1942 के आन्दोलन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को किस जेल में कैद रखा गया था?

A. बांकीपुर जेल

B. हजारीबाग जेल

C. कैम्प जेल

D. भागलपुर जेल

Answer ||| A

Solution ||| 1942 के आंदोलन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को पटना के निकट स्थित बांकीपुर जेल में रखा गया था।

129.चम्पारण नील आन्दोलन का राष्ट्रीय नेता कौन था?

A. महात्मा गाँधी

B. बिरसा मुण्डा

C. बाबा रामचन्द्र
D. रामसिंह

Answer ||| A

Solution ||| बिहार के चम्पारण में नील की खेती करने वाले किसानों की समस्यायों को दूर करने के लिए 1917 ई. का सत्याग्रह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा चलाया गया था ।

130.

बिरसा मुण्डा का कार्य क्षेत्र कौन-सा था?

A. चम्पारण
B. राँची
C. बलिया
D. अलीपुर

Answer ||| B

Solution ||| 19वीं सदी के प्रमुख आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का कार्य क्षेत्र राँची था I

131.जय प्रकाश नारायण इस पार्टी से जुड़े थेः

A. कांग्रेस पार्टी
B. कम्युनिस्ट पार्टी
C. सोशलिस्ट पार्टी
D. किसान सभा

Answer ||| C

Solution ||| जयप्रकाश नारायण कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी से जुड़े थे। वर्ष 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन हुआ था।

132.1857 की क्रान्ति के बिहार के नेता थे।

A. मौलवी अहमदुल्लाह
B. तांत्या टोपे
C. नाना साहेब
D. कुँवर सिंह

Answer ||| D

Solution ||| 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुँवर सिंह बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव से थे।

133.महात्मा गाँधी ने खिलाफत आन्दोलन का समर्थन क्यों किया?

A. खलीफा ने क्रान्तिकारियों को शरण दी थी
B. गाँधीजी ने अंग्रेजों के खिलाफ अपने आन्दोलन में भारतीय मुसलमानों का सहयोग प्राप्त करना चाहा था।
C. खलीफा ने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन का समर्थन किया
D. खलीफा गाँधी जी के अच्छे मित्र थे

Answer ||| B

Solution ||| अंग्रेजों के खिलाफ अपने संघर्ष में भारतीय मुसलमानों का सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से गांधी जी द्वारा खिलाफत आंदोलन का समर्थन किया गया।

134.कांग्रेस के नरम-दल के नेताओं की आंदोलन की पद्धति थी:

A. असहयोग
B. राजवांमबध्य आंदोलन
C. अनूकूल प्रविघटन
D. अविधेयक

Answer ||| B

Solution ||| कांग्रेस के नरम दल के नेताओं की आंदोलन की प्रमुख पद्धति राजवांमबध्य आंदोलन या संविधान के दायरे में रहते हुए आंदोलन करना था।

135.जलियाँवाला बाग में प्रदर्शन के लिए क्यों लोग जमा हुए थे?

A. गाँधी जी और लाजपतराय की गिरफ्तारी के प्रति विरोध प्रदर्शन करने
B. किचलु नथा सत्यपाल के बंदी बनाने के विरोध में प्रदर्शन
C. वैशाखी की प्रार्थना के लिए
D. पंजाब सरकार के अमानवीय कार्यकलापों के प्रति विरोध प्रकट करने

Answer ||| B

Solution ||| अमृतसर के जलियाँवाला बाग में रौलेट एक्ट एवं सत्यपाल और सैफुद्दीन किचलु की गिरफ्तारी के विरोध में एक सभा रखी गई थी जिसके लिए लोग वहां इकट्ठा हुए थे।

gradeup

136.भारत में नारी-आंदोलन इनकी प्रेरणा से प्रांरभ हुआ-

A. पद्माबाई रानाडे
B. एनी बेसेंट
C. सरोजिनी नायडु
D. ज्योतिबा फुले

Answer ||| D

Solution ||| भारत में नारी आंदोलन ज्योतिबा फुले की प्रेरणा से आरंभ हुआ। उन्होंने वर्ष 1848 में बालिका शिक्षा हेतु पूना में विद्यालय स्थापित किया था ।

137.राजनैतिक सुधारों को लेकर विरोध करने वाले भारतीय कौन थे?

A. दादा भाई नौरोजी
B. सुरेन्द्रनाथ
C. राममोहन राय
D. बाल गंगाधर तिलक

Answer ||| C

Solution ||| राजा राममोहन राय पहले भारतीय थे जिन्होनें राजनैतिक सुधारों को लेकर विरोध किया था|

138.राष्ट्रीय कांग्रेस से पूर्व सबसे प्रमुख संस्था थीः

A. बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी
B. ईस्ट इंडिया एसोसिएशन
C. यंग बंगाल एसोसिएशन
D. इंडियन एसोसिएशन ऑफ कलकत्ता

Answer ||| D

Solution ||| राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना से पूर्व इंडियन एसोसिएशन ऑफ कलकत्ता का नेशनल कॉन्फ्रेंस नामक एक अखिल भारतीय संगठन सबसे प्रमुख संस्था थी ।

139.फारर्वड ब्लॉक के संस्थापक थे-

A. जयप्रकाश नारायण
B. सी.आर.दास
C. मोतीलाल नेहरू
D. सुभाष चन्द्र बोस

Answer ||| D

Solution ||| फारर्वड ब्लॉक की स्थापना 1939ई. में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के द्वारा की गई थी ।

140.भारत ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे?

A. बी.टी.रनदेव
B. सत्य भक्त
C. लाला लाजपत राय
D. एन.एम.जोशी

Answer ||| C

Solution ||| लाला लाजपत राय भारत ट्रेड यूनियन कांग्रेस के पहले अध्यक्ष थे।

141.अखिल भारतीय किसान महासभा सर्वप्रथम कहाँ आयोजित की गयी?

A. कलकत्ता
B. मद्रास
C. लखनऊ
D. पटना

Answer ||| C

Solution ||| अखिल भारतीय किसान महासभा सर्वप्रथम लखनऊ शहर में आयोजित की गयी थी।

142.1857 का विद्रोह लखनऊ में किस के नेतृत्व मे आगे बड़ा?

A. बेगम ऑफ अवध
B. तात्या टोपे
C. रानी लक्ष्मीबाई
D. नाना साहब

Answer ||| A

gradeup

Solution ||| लखनऊ मे बेगम हजरत महल के नेतृत्व में 1857 का विद्रोह हुआ।

143.रौलट एक्ट कब पास हुआ था?

A. 1919
B. 1920
C. 1921
D. 1922

Answer ||| A

Solution ||| रौलेट एक्ट 1919 में पास हुआ था।

144.गाँधीजी ने असहयोग-आंदोलन कब प्रांरभ किया?

A. 1920
B. 1919
C. 1921
D. 1922

Answer ||| A

Solution ||| महात्मा गांधी ने 1920 में असहयोग आंदोलन प्रांरभ किया ।

145.भारत छोड़ो आंदोलन कब प्रारंभ हुआ?

A. 9 अगस्त 1942

B. 19 अगस्त 1942

C. 15 अगस्त 1942

D. 16 अगस्त 1942

Answer ||| A

Solution ||| महात्मा गांधी के नेतृत्व में 9अगस्त, 1942ई. को भारत छोड़ों आंदोलन चलाया गया।

146.1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने सिपाहियों का चयन किया-

A. यू.पी. तथा बिहार के ब्राह्मणों में से
B. पूर्व के बंगाली और उड़िया लोगों में से।
C. उत्तर के गोरखा, सिक्ख और पंजाबियों में से।
D. मद्रास प्रेसीडेंसी तथा मराठों में से।

Answer ||| C

Solution ||| ब्रिटिश सरकार ने 1857 के विद्रोह के बाद गोरखा, सिख, पंजाबी एवं उत्तर प्रांत से सिपाहियों का चयन किया था ।

gradeup

147.बिहार सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक थे

A. जे. पी. नारायण
B. सत्य भक्त
C. एम. एन. रॉय
D. सुभाष चंन्द्र बोस

Answer ||| A

Solution ||| बिहार सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक जयप्रकाश नारायण थे।

148.पाटलिपुत्र का संस्थापक थाः

A. उद्यन
B. अशोक
C. बिम्बिसार

D. महाषद्नंद

Answer ||| A

Solution ||| पाटलिपुत्र का संस्थापक उद्यन था।

149.निम्नलिखित में से स्थायी बन्दोबस्त (Permanent settlement) का कौन सा स्वरूप बिहार में प्रचलित था?

A. जमींदारों को जमीन का मालिकान हक दे दिया गया।
B. जमींदारों के लिए जमीन पर वंश परंपरागत अधिकार को स्वेच्छा से लागू कर दिया गया।
C. कर्नाटकजमीन राजस्व (लगान) का सर्वेधानिक स्वरूप
D. जमींदारी उन्मूलन

Answer ||| B

Solution ||| 'परमानेंट सेटलमेंट' जमींदारों के लिए जमीन पर वंश परंपरा अधिकार को स्वेच्छा से हस्तांतरित करने के अधिकार के कारण बिहार में लागू किया गया था।परमानेंट सेटलमेंट' मुख्य रूप से भूमि राजस्व राशि को स्थायी और निश्चित बनाने के लिए किया गया था।

150.भारत में व्यापारिक संगठनों (ट्रेड यूनियन्स) का क्रांतिकारी चरण था-

A. 1939-49
B. 1926-39
C. 1918-26
D. 1917-18

Answer ||| B

Solution ||| भारत में व्यापारिक संगठनों (ट्रेड यूनियन्स) आंदोलन के क्रांतिकारी चरण का समय 1926-39 ई. का था।

gradeup